हरिभूमि
रायपुर भूमि



# पेड़ों को मिला नया जीवन, 70 वर्ष पुराने 22 पेड़ जड़ सहित उखाड़कर दूसरी जगह किए ट्रांसप्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में स्टेशन का रीडेवलपमेंट का कार्य शुरू हो गया है। स्टेशन परिसर में 70 से 80 साल पुराने कई ऐसे पेड़ हैं, जो रेलवे विकास की जद में आ रहे हैं। रेलवे इन पेड़ों को नया जीवन देने काटने की जगह दूसरी सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट कर रहा है, जिसमें 90 प्रतिशत सफलता मिल चुकी है। ट्रांसप्लांट तकनीक के जरिए एजेंसी और पर्यावरण विशेषज्ञ मिलकर यह कार्य कर रहे हैं। सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार त्रिवेदी ने हरिभूमि को बताया कि हम किसी भी पेड़ को काटना नहीं चाहते। रेलवे का प्रयास है कि अधिक से अधिक पेड़ को दूसरी जगह ▶▶ शेष पेज 11 पर

- ट्रांसप्लांट तकनीक से रेलवे ने 22 पेड़ों को काटने के बजाय दूसरी जगह पर किया शिफ्ट
- रेलवे स्टेशनों के रीडेवलपमेंट जद में आए पेड़ों को बचाने रेलवे कर रहा लाखों खर्च

### अब चार महीने तक पेड़ की विशेष देखभाल

मशीन से जब पेड़ को उखाड़ा जाता है, उससे पहले उस जगह पर वहां 100 सेंटीमीटर चौड़ा और 10 फीट गहरा गड्ढा खोदा जाता है, जहां उसे शिफ्ट करना होता है। एजेंसी ने जिस पेड़ को ट्रांसप्लांट किया है, उस पेड़ को चारों तरह से मिट्टी से कवर किया है। कुछ दिनों बाद पेड़ की जड़ें नई जमीन में फैलनी शुरू हो जाएंगी। तीन से चार महीने पर पेड़ों का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि पेड़ खत्म न हों। एक पेड़ को शिफ्ट करने में 24 घंटे से अधिक समय लगा है। रेलवे पेड़ों को बचाने लाखों रुपए खर्च कर रहा है।

### पेड़ को कर रहे शिफ्ट

स्टेशन के गुढ़ियारी की ओर रेलवे कॉलोनी में लगे लगभग 22 पेड़ों को शिफ्ट किया गया, जिसमें आम, नीम, पीपल प्रमुख थे। इसमें सबसे पुराना पेड़ आम का पेड़, जो लगभग 62 से 70 वर्ष पुराना था, उसे भी सफलतापूर्वक शिफ्ट किया गया। हम एक भी पेड़ को काटना नहीं चाहते। 100 से अधिक पेड़ को शिफ्ट किया जाएगा।

- **अवधेश कुमार त्रिवेदी,** सीनियर डीसीएम, रायपुर मंडल



### 7 से 15 फीट गहरा गड्ढा खोदकर मशीन से निकाला

रेलवे गुढ़ियारी की ओर रेलवे कॉलोनी में लगे 22 पेड़ों को शिफ्ट कर चुका है, जिसमें आम, नीम और पीपल समेत छायादार पेड़ शामिल हैं। इसमें सबसे 70 वर्ष पुराना आम का पेड़ था, जिसे जड़ सहित मशीन के उखाड़कर दूसरी जगह प्लांट किया गया। सभी पेड़ों को रेलवे परिक्षेत्र की बाउंड्री के नजदीक रेलवे लोको कॉलोनी, टीटीई रेस्ट रूम के आसपास शिफ्ट किया गया। पेड़ पुराने और विशाल होने के कारण ट्रक और क्रेन की मदद ली जा रही है। पेड़ को उखाड़ने के लिए ट्रांसप्लांटेशन मशीन के जरिए लंबी जड़ों तक खुदाई की गई। यह जड़ें 5 से 10 मीटर लंबी थीं। जमीन को पानी से नर्म कर लगभग 7 से 15 फीट गहरा गड्ढा खोदने के बाद पेड़ों को जड़ों के साथ निकाला गया और फिर दूसरी जगह पर शिफ्ट किया गया। रेलवे कॉलोनी में यह सभी पड़े हरे थे, इसलिए इनका ट्रांसप्लांटेशन किया गया।

## खबर संक्षेप

### इंस्टाग्राम में चाकू के साथ फोटो अपलोड, तीन गिरफ्तार




**रायपुर।** बदमाशों ने दहशत फैलाने सोशल मीडिया को नया प्लेटफार्म बना लिया है। बदमाश इंस्टग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया साइट पर चाकू, तलवार तथा अन्य घातक हथियारों के साथ फोटो अपलोड कर रहे हैं। ऐसे बदमाशों की पुलिस की साइबर सेल शाखा निगरानी कर रही है। पुलिस ने इंस्टाग्राम में चाकू के साथ फोटो अपलोड करने के आरोप में तेलीबांधा तथा मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए तीन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक तेलीबांधा थाने की पुलिस ने इंस्टाग्राम में चाकू के साथ फोटो अपलोड करने के आरोप में काशीराम नगर निवासी राहुल गोंधरे तथा मंदिर हसौद थाने की पुलिस ने दुर्गेश विश्वास तथा योगेश साहू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दुर्गेश तथा योगेश इंस्टाग्राम में फोटो अपलोड करने के अलावा हमेशा चाकू लेकर साथ चलते थे। इससे दोनों बदमाशों द्वारा कभी भी बड़ी घटना को अंजाम देने की आशंका थी।

### शादी करने का झांसा देकर रेप, 10 साल कैद

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व कपड़ा दुकान में काम करने वाली युवती को दुकान के एक कर्मी द्वारा शादी करने का झांसा देकर रेप के आरोप में कोर्ट



ने 10 साल कैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की एसटी, एससी स्पेशल कोर्ट ने की। लोक अभियोजक उमाशंकर वर्मा के मुताबिक, कोर्ट ने आशीष आहूजा को कैद की सजा सुनाई है। आशीष ने पंडरी स्थित कपड़ा दुकान में कार्यरत, सहकर्मी अनुसूचित जाति की युवती को शादी करने का झांसा देकर रेप किया। गर्भवती होने के बाद आशीष ने युवती से शादी करने से इंकार कर दिया।

### साढ़े चार किलो गांजा जब्त, तीन गिरफ्तार



**रायपुर।** तेलीबांधा तथा सिविल लाइंस पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन अलग-अलग मामलों में एक महिला तथा दो युवक के कब्जे से साढ़े सात किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक, तेलीबांधा सुभाष नगर देवार पारा निवासी करण वर्मा तथा प्रिया साहू के कब्जे से गांजा जब्त किया गया है। इसके अलावा सिविल लाइंस पुलिस ने राजा तालाब केनाल रोड बस स्टॉप के पास संतोषी नगर निवासी नरेंद्र सिंह के कब्जे से तीन किलो गांजा जब्त किया।

#### जालसाजों ने एलआईसी अफसर को 20 दिन प्रताड़ित करने के बाद ठगी का शिकार बनाया

# डिजिटल अरेस्ट... फोन ने उड़ाए होश, चार दिनों में तीन केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के पंडरी, देवेंद्र नगर तथा गंज थाना क्षेत्र में डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने के चार दिन के भीतर तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। डिजिटल अरेस्ट के जो शिकार हुए हैं, वे सभी सभ्रांत तथा संपन्न वर्ग के लोग हैं। डिजिटल अरेस्ट के एक मामले में रेंज साइबर पुलिस ने एक आरोपी को रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। दो अन्य मामलों की जांच फिलहाल संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस कर रही है।

देवेंद्र नगर टीआई आशीष यादव के मुताबिक जीवन बीमा में अफसर के पद पर पदस्थ राकेश नशीने को जालसाज ने 20 दिन तक लगातार प्रताड़ित करने के बाद डिजिटल अरेस्ट कर साढ़े छह लाख रुपए की ठगी की है। गंज थाना क्षेत्र में जालसाजों ने महिला डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट कर साढ़े चार लाख रुपए की ठगी का शिकार बनाया है। जालसाजों ने गंज, देवेंद्र नगर तथा पंडरी में जिन लोगों को ठगी का शिकार बनाया है, उन सभी लोगों के साथ ठगी करने जालसाजों ने एक ही पैटर्न का इस्तेमाल किया है।

### अफसर को कॉल कर चेतावनी दी थी

पुलिस के मुताबिक एलआईसी अफसर को जालसाजों ने सबसे पहले दो अक्टूबर को कॉल कर उनके सिम कार्ड का दुरुपयोग होने का झांसा दिया था। इसके बाद जालसाज ने एलआईसी अफसर को 22 अक्टूबर को कॉल कर उनके सिम कार्ड के माध्यम से कई अपराधिक वर्ग के लोगों के साथ बातचीत होने तथा संदिग्ध लेन-देन होने का झांसा देकर डिजिटल अरेस्ट होने की जानकारी दी। अफसर के पास जिस नंबर से वाट्सएप कॉल आया था, वह महाराष्ट्र, कोलाबा का था।

### जालसाज संपन्न वर्ग के लोगों को जेल भेजने का भय दिखाकर ठगी का शिकार बना रहे




### मामला रफा दफा करने पैसों की मांग

अफसर को डिजिटल अरेस्ट कर फर्जी सुनवाई शुरू कर डराने के बाद जालसाज ने मामले को रफा दफा करने पैसों की मांग की। दहशत में आए अफसर ने जालसाजों के बताए अकाउंट में पैसा जमा करा दिया। बाद में अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिलने के बाद अफसर ने घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई।

### एलआईसी अफसर को होटल में किया डिजिटल अरेस्ट

एलआईसी अफसर ने पुलिस को बताया है कि जालसाजों ने घर में डिजिटल अरेस्ट होने पर उनकी गिरफ्तारी की जानकारी परिजनों को होने की बात कहते हुए किसी होटल में जाने के लिए कहा। इसके बाद अफसर कचहरी चौक स्थित एक होटल पहुंच गया। इसके बाद जालसाजों ने एलआईसी अफसर को कई गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज होने का भय दिखाया।

### फर्जी सुप्रीम कोर्ट बनाकर ऑनलाइन सुनवाई

एलआईसी अफसर को होटल में डिजिटल अरेस्ट करने के बाद जालसाजों ने अफसर को उनके खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज होने का झांसा देते हुए वाट्सएप में गिरफ्तारी वारंट भेजा और मामले की तत्काल सुनवाई होने का झांसा दिया। इसके बाद जालसाजों ने अफसर को उन पर लगे आरोपों की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होने का झांसा देते हुए एक जालसाज ने जज बनकर सुनवाई शुरू की।

### महिला डॉक्टर को एफआईआर का भय दिखाकर ठगी

एक अन्य मामले में गंज थाने में एक महिला डॉक्टर ने डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। जालसाजों ने महिला डॉक्टर को अपना परिचय क्राइम ब्रांच के पुलिस अफसर होने का परिचय देते हुए 11 नवंबर को कॉल किया। कॉल करने वाले जालसाज ने महिला डॉक्टर को उनके मोबाइल का सिम बार-बार बंद होने की जानकारी पूछी। डॉक्टर के हां में जवाब देने के बाद जालसाज ने कहा कि आपके नंबर को लेकर कई तरह की शिकायतें आ रही हैं, इसलिए उस नंबर को सर्विलांस में लिया गया है, इसलिए नंबर बीच-बीच में हम ब्लाक कर रहे हैं। इसके बाद जालसाज ने महिला डॉक्टर को लखनऊ के नंबर से कनेक्ट किया और महिला चिकित्सक को मनी लांड्रिंग का केस दर्ज होने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया।

### भारतीय कानून में डिजिटल अरेस्ट का प्रावधान नहीं

एएसपी क्राइम संदीप मित्तल के मुताबिक भारतीय कानून में किसी तरह के डिजिटल अरेस्ट या वाट्सएप में वारंट भेजने का प्रावधान ही नहीं है। किसी को कोई कॉल कर डिडिटल अरेस्ट की धमकी देता है या वाट्सएप में वारंट भेजता है, तो वह फर्जी है। जिनके पास इस तरह के डिजिटल अरेस्ट करने संबंधित कॉल आते हैं या फिर वाट्सएप में वारंट भेजता है, तो पीड़ित को इसकी शिकायत संबंधित थाने में दर्ज करानी चाहिए।

## मनी लांड्रिंग का झांसा देकर महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 58 लाख की ठगी, बार मैनेजर गिरफ्तार

- सरगना साइबर रेंज पुलिस की गिरफ्त से अब तक बाहर
- घटना में आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के शामिल होने की आशंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पंडरी थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व बुजुर्ग महिला एमवीएसएस लक्ष्मी को डिजिटल अरेस्ट कर 58 लाख की ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने राजनांदगांव के जालसाज जसविंदर सिंह साहनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त आया आरोपी पूर्व में राजनांदगांव के किसी बार में मैनेजर के पद पर कार्यरत था। पुलिस घटना में शामिल जसविंदर के बेटे की पतासाजी करने की बात कह रही है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से साढ़े नौ लाख रुपए जब्त किए हैं।

रेंज साइबर पुलिस के मुताबिक जसविंदर डिजिटल अरेस्ट कर एक्सटार्सन करने वाले गिरोह का एक प्रमुख कड़ी है। जसविंदर को दिल्ली में बैठा सरगना हैंडल कर रहा था। जसविंदर ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि उसका बेटा दिल्ली में शेयर ट्रेडिंग ▶▶ शेष पेज 11 पर

### ऑनलाइन ठगी, डिजिटल अरेस्ट से ऐसे बचें

- बच्चों को हिरासत में लेने का कॉल आए तो पहले बच्चे या उसके साथियों को कॉल करके सुनिश्चित करें कि क्या मामला है? ऑनलाइन रुपये न दें।
- डिजिटल हिरासत की स्थिति बने तो ठगों का कॉल डिस्कनेक्ट कर तत्काल पुलिस को सूचना दें।
- मुकदमों में कार्रवाई और आरोपी को पकड़ने की बात कहकर रुपए मांगने का कॉल आए तो स्पष्ट मना कर दें।
- अनजान वीडियो कॉल न उठाएं, क्योंकि न्यूड वीडियो बनाकर ठगी के मामले बढ़े हैं, इनसे सावधान रहें।
- रात में सोते वक्त मोबाइल पर इंटरनेट बंद करना भी ठगी से बचाता है।
- किसी नए लिंक पर क्लिक न करें, आपकी निजी जानकारी ठगों को मिल सकती है।
- किसी को ओटीपी न बताएं, बैंक संबंधी डिटेल न दें।

### गिरोह में आधा दर्जन से ज्यादा जालसाज शामिल


रेंज साइबर पुलिस के अनुसार डिजिटल अरेस्ट कर महिला से ठगी करने वाले गिरोह में जसविंदर के साथ आधा दर्जन से ज्यादा लोग शामिल हैं। जिन लोगों ने सामूहिक रूप से मिलकर महिला को ठगी का शिकार बनाया है, रेंज साइबर पुलिस उनमें से ज्यादातर लोगों की पहचान करने का दावा कर रही है। इनमें से ज्यादातर लोग दिल्ली के जालसाज शामिल हैं।

## अक्टूबर के बिल में महंगी बिजली के साथ सुरक्षा निधि का भी झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेशभर में स्मार्ट मीटर लग रहे हैं। आने वाले समय में सभी कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे। ऐसे में उपभोक्ताओं की सुरक्षा निधि को वापस किया जाएगा, लेकिन यह बाद की बात है। अभी उपभोक्ताओं को सुरक्षा निधि का झटका लगना बंद नहीं हुआ है। नवंबर में जो अक्टूबर का बिल आ रहा है, उसमें उपभोक्ताओं को डबल झटका लग रहा है। एक तो सितंबर की बिजली करीब सवा दो फीसदी महंगी होने के कारण सितंबर की खपत के हिसाब से अंतर की राशि ली जा रही है, दूसरा सुरक्षा निधि की भी अंतर की राशि ली जा रही है। यह राशि महज उन उपभोक्ताओं से ली जा रही है, जिनकी औसत खपत में इजाफा हुआ है। सुरक्षा निधि में दो माह की खपत जितनी राशि का होना जरूरी है। जिन उपभोक्ताओं की राशि कम है, ▶▶ शेष पेज 11 पर

- कनेक्शन प्रीपैड होने पर वापस होगी सुरक्षा निधि



### सुरक्षा निधि होगी वापस

प्रदेश में जो 65 लाख बिजली उपभोक्ता हैं, उसमें से करीब छह लाख कृषि पंपों के उपभोक्ता हैं। इनमें स्मार्ट मीटर नहीं लगेंगे। इसी के साथ 20 लाख के करीब बीपीएल के उपभोक्ता हैं, इनसे सुरक्षा निधि नहीं ली जाती है। करीब 40 लाख उपभोक्ता जिनकी सुरक्षा निधि जमा है, उनको वापस करनी पड़ेगी। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक हर माह करीब 13 सौ करोड़ के बिल बनते हैं। इसके मुताबिक दो माह के बिल के बराबर सुरक्षा निधि जमा रहती है, वह करीब 26 सौ करोड़ है, लेकिन उद्योगों के मीटर न बदलने के कारण उनकी सुरक्षा निधि वापस नहीं होगी। यह निधि बहुत ज्यादा होती है। यह निधि 12 सौ करोड़ से ज्यादा है। ऐसे में कंपनी को करीब एक हजार करोड़ की सुरक्षा निधि वापस करनी होगी। जब सभी मीटर ▶▶ शेष पेज 11 पर

### दो माह के बिल के बराबर सुरक्षा निधि

उपभोक्ता की एक माह की जितनी खपत होती है, उसके बिल के हिसाब से दो माह के बिल के बराबर सुरक्षा निधि रखने का प्रावधान है। साल में एक बार पॉवर कंपनी औसत खपत की समीक्षा करती है और जिनकी औसत खपत में इजाफा हो जाता है, उनसे अंतर की राशि ली जाती है। समीक्षा के बाद नवंबर में जब भी अक्टूबर का बिल आता है, तो उसमें औसत खपत के अंतर की राशि ली जाती है। ऐसे में थोक में उपभोक्ताओं का बिल पांच सौ से दो हजार तक ज्यादा आया है। जिनकी खपत में कम इजाफा हुआ है, उनको कम झटका लगा है, लेकिन जिनकी में खपत ज्यादा बढ़ी है, उनको ज्यादा झटका लगा है।

## जिले के 24 केंद्रों में आज से बनाए जाएंगे आयुष्मान कार्ड एप हुआ ठप तो लिंक की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिले के 24 केंद्रों में आज से आयुष्मान कार्ड दोबारा बनाए जाएंगे। गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने इस संदर्भ में निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाए जाए। शहरी क्षेत्रों के सुपरवाइजरों की बैठक में ये निर्देश दिए गए। बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने में आने वाली कठिनाई सुधार और माइक्रोप्लान के साथ ज्यादा से ज्यादा कार्ड बनाए जाने का निर्देश दिए गए। साथ ही प्रत्येक यूपीएचसी, ओपीडी में कार्ड बनाने के निर्देश साथ ही स्कूलों में भी जिन बच्चों का कार्ड अभी तक नहीं बन पाया है, उनके भी कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड मोबाइल ऐप से नहीं बनने पर लिंक से बनाएं जाएं। ऑपरेटर आईडी नहीं होने पर बेनिफिशरी आईडी से भी बनाया जा सकता है।

- सुपरवाइजर की बैठक में दिए गए निर्देश

### इन केंद्रों में बना सकते हैं आयुष्मान कार्ड

मेकाहारा, जिला चिकित्सालय पंडरी, मातृ एवं शिशु चिकित्सालय कालीबाड़ी, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुढ़ियारी, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आयुर्वेदिक अस्पताल, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोखोपारा, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ▶▶ शेष पेज 11 पर

## सड़क पर मेन लाइन फूटी, हजारों लीटर पानी बेकार बह गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम जोन 7 क्षेत्र स्थित अग्रसेन चौक से भैंसथान होते हुए तेलघानीनाका चौक वाली सड़क पर पानी का फौवारा फूट पड़ा। हजारों लीटर पानी बेकार में बह गया। इससे आसपास के लोग परेशान रहे। सड़क पर बने डिवाइडर किनारे पानी भरने से उस दायरे की सड़क की परत उखड़ गई है। वार्ड पार्षद अमर बंसल सहित प्रभावित इलाके के रहवासियों ने इसकी शिकायत निगम अमले से की। तब कहीं जाकर निगम अमला मेन लाइन मरम्मत के लिए पहुंचा। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने बताया, पुराना बड़ा एयरवाल्व खराब हो गया था, जिसे रिप्लेस कर दिया गया है।

तेलघानी नाका चौक वाली सड़क पर पाइप लाइन फूटने से दो दिन तक लोग परेशान रहे। जन शिकायत के बाद जल विभाग के अधिकारियों ने स्पॉट पर पहुंचकर खराब हुए एयरवाल्व को बदल दिया है, लेकिन कंक्रीट वाली जगह पर ज्वाइंट में पानी का ▶▶ शेष पेज 11 पर

### पार्षद अमर बंसल ने की शिकायत, मरम्मत के लिए पहुंचा अमला



### रिप्लेस कर दिया है एयरवॉल्व


बुधवार दोपहर भैंसथान तेलघानी नाका मार्ग की सड़क पर पाइप लाइन फूटने की शिकायत मिली थी। स्पॉट पर टीम भेजकर वहां लगे बड़े एयरवाल्व को रिप्लेस कर दिया है। कंक्रीट के ज्वाइंट में पानी आ रहा है, जिसे ठीक करने करने का काम चल रहा है।

- **नरसिंह फरेन्द्र,** कार्यपालन अभियंता, जल विभाग, नगर निगम रायपुर

## डेढ़ लाख संपत्तियों का होगा सर्वे, मोबाइल नंबर ऑनलाइन सिस्टम में दर्ज नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र के डेढ़ लाख प्रापर्टी होल्डर का मोबाइल नंबर नगर निगम के ऑनलाइन सिस्टम में दर्ज नहीं है। इससे संबंधित संपत्ति प्रापर्टी होल्डर को चेटबॉट से डिमांड बिल भेजने में दिक्कत आ रही है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने राजस्व महकमे



को 15 दिन के अंदर डेढ़ लाख प्रापर्टी का सर्वे कर संपत्ति कर में शामिल करने निर्देश दिए हैं। समूह की महिलाओं को घर-घर जाकर डिमांड बिल वितरण करने और संपत्तिधारकों से मोबाइल नंबर लेने का जिम्मा दिया गया है।

नगर निगम के 10 जोन स्थित 70 वार्डो में डेढ़ लाख संपत्तियां संपत्ति कर के दायरे में शामिल नहीं हैं। इससे नगर निगम को एकमुश्त राजस्व कर का घाटा हो रहा है। इसकी एक बड़ी वजह संबंधित प्रापर्टी का नगर ▶▶ शेष पेज 11 पर

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


धन-धन श्री गुरु नानक देव जी दे
प्रकाश पुरब दी समूह साध संगत
नूं लख-लख वधाईयां
दलजीत सिंघ चावला
अध्यक्ष छ.ग. सिक्ख संगठन
हरपाल सिंघ भामरा
संस्थापक छ.ग. सिक्ख संगठन
छत्तीसगढ़ सिक्ख संगठन, रायपुर

## खबर संक्षेप

### ध्वजारोहण के साथ सहकारी सप्ताह का शुभारंभ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ के चौबे कॉलोनी स्थित मुख्यालय में गुरुवार को 71वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर ध्वजारोहण के बाद उपस्थितजनों द्वारा सहकारी गीत का गायन किया गया। देश की सर्वोच्च सहकारी संस्था, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली द्वारा इस वर्ष अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के लिए मुख्य थीम 'विकसित भारत के निर्माण में सहकारिताओं की भूमिका' रखी गई है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ के प्रबंध संचालक एनआरके चंद्रवंशी ने सहकारी सतरंगा ध्वज फहराया। इसी दौरान श्री चंद्रवंशी ने सहकारी सप्ताह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, आज के विषय 'सहकारिता मंत्रालय की नई पहलों के माध्यम से सहकारी आंदोलन को सशक्त बनाने' पर केंद्र एवं राज्य सरकारें कार्य कर ही हैं।

### अपर आयुक्त कक्ष में बनाया गया था कंट्रोल सेंटर, मुख्यालय से होती रही मानिटरिंग

# सफाई वाहनों का जीपीएस सिस्टम ध्वस्त, निगरानी फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम के सफाई वाहनों की निगरानी का सिस्टम पूरी तरह ठप हो गया है। 100 सफाई वाहनों में गाड़ियों का लोकेशन ट्रेस करने आनलाइन मानिटरिंग के लिए जीपीएस सिस्टम लगाने नगर निगम ने बीएसएनएल कंपनी के साथ 2 साल के लिए अनुबंध किया, जिसमें 2 लाख रुपए में 2 साल के लिए संबंधित एजेंसी को इस कार्य का ठेका दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बाकायदा सफाई वाहनों की ट्रेकिंग भी होती रही, पर अनुबंध अवधि समाप्त होते ही यह काम ठप पड़ा है।

नगर निगम के सफाई महकमे की गाड़ियों में लगाया गया जीपीएस सिस्टम किसी काम का नहीं रहा। निगम मुख्यालय में सफाई गाड़ियों की 24 घंटे निगरानी करने निगम मुख्यालय के अपर आयुक्त कक्ष में कंट्रोलरूम बनाया गया। बड़े आकार की एलसीडी स्कीन में गाड़ियों की आवाजाही पर नजर रखने निगम के इंजीनियर की डयूटी लगाई गई। स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी को कंट्रोलरूम का इंचार्ज बनाकर सफाई वाहनों के हर पल की गतिविधि पर नजर रखने का सिस्टम तैयार किया गया। नगर निगम आयुक्त के मार्गदर्शन में निगम स्वास्थ्य अधिकारी को कंट्रोलरूम से इसकी रिपोर्ट देने की व्यवस्था रही। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है, सकरी ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा लेकर जाने वाले सफाई वाहन का अपडेट रिकार्ड नियमित रूप से दर्ज होता रहा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत यह काम 2 साल तक सुचारू रूप से चला, पर अधिकारियों की उदासीनता के कारण निगरानी का सिस्टम पूरी तरह ठप हो गया है।

### नगर निगम की 100 गाड़ियों में लगा था जीपीएस सिस्टम

#### स्वच्छता सर्वेक्षण में जुड़ते नंबर

जीपीएस सिस्टम लगाकर सफाई वाहनों की आनलाइन मानिटरिंग व्यवस्था होने पर केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में अलग से नंबर जुड़ते, पर अब ऐसा नहीं है। अपर आयुक्त के जिस कक्ष को सफाई वाहनों की मानिटरिंग का कंट्रोलरूम बनाया गया, वहां से प्रोजेक्टर नदारद है। कंट्रोलरूम की जगह इसे अपर आयुक्त का कक्ष बना दिया गया है। ऐसे में नगर निगम की सफाई गाड़ी की न आनलाइन निगरानी हो रही और ना ही प्रत्यक्ष तौर पर देखरेख की व्यवस्था है।



#### रामकी की गाड़ियों में लगा है जीपीएस सिस्टम

एक तरफ जहां नगर निगम के सफाई वाहनों में जीपीएस सिस्टम ध्वस्त पड़ा है, वहीं शहर की सफाई का ठेका लेने वाली एजेंसी रामकी की गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम लगा हुआ है, जिसे क्लीन सिटी एप से देखा जा सकता है।

# एक क्लिक पर मिलेगी फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम संबंधित संपूर्ण कार्य भुगतान की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- नगर निगम में एफएमएस पर आधारित नया साफ्टवेयर अपलोड
- कार्य में तेजी व पारदर्शिता का दावा
- मदवार जानकारी मिलेगी, निगम बजट बनाने में होगी आसानी

अब एक क्लिक पर नगर निगम के फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम से संबंधित संपूर्ण कार्य भुगतान की जानकारी स्क्रीन पर मिलेगी। प्रशासनिक कार्य प्रणाली में पारदर्शिता लाने कार्य भुगतान, नस्तियों के मूवमेंट की ऑनलाइन मानिटरिंग के लिए नया साफ्टवेयर एफएमएस पर आधारित तैयार कर उसे आनलाइन कर दिया गया है। आने वाले दिनों में नगर निगम के 1 हजार करोड़ के बजट कार्य भी इसी सिस्टम से ऑनलाइन होगा, जबकि अभी तक यह कार्य मेनुअल तरीके से हो रहा था।

दरअसल, रायपुर नगर निगम को संपत्तिकर एवं निगम करों से अर्जित आय का लेखाजोखा सहित नगर निगम क्षेत्र के 70 वार्डों में किए जा रहे अधोसंरचना मद, सामान्य मद सहित विभिन्न निधियों से जनहित में जन सुविधा का विस्तार सहित विकास कार्यों में स्वीकृत राशि और शेष राशि की जानकारी अब तक मेनुअल आधार पर मिल रही थी। इसमें समय और श्रम ज्यादा लगता था। साथ ही केन्द्र व राज्य प्रवर्तित योजना को समय सीमा में शत-प्रतिशत पूरा करने में व्यवहारिक दिक्कत आ रही थी। इसी तरह नगर निगम के सालाना बजट बनाने का काम मेनुअल तरीके से होने से काफी समय लगता था। ढर्रे पर चली आ रही कार्यप्रणाली को ऑनलाइन करने यह अभिनव पहल नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में की गई है, ताकि नगर निगम की प्रशासनिक कार्य प्रणाली में कसावट आए।

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा एवं अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल के निर्देश पर नगर निगम रायपुर के संपूर्ण कार्य भुगतान, नस्तियों के मूवमेंट की आनलाइन मानिटरिंग अब सहजता से होगी। इसके लिए नया साफ्टवेयर तैयार कर ऑनलाइन कर दिया गया है।

## पेज 9 के शेष

### पेड़ों को मिला...

पर शिफ्ट किया जाएगा, ताकि पर्यावरण से हरियाली खत्म न हो। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 22 पेड़ों को शिफ्ट करने में सफलता मिली है। 100 से अधिक पेड़ों को तकनीक के जरिए ट्रांसप्लांट किया जाएगा। बता दें कि रेलवे पहले पेड़ों को दूसरी जगह शिफ्ट कर रहा है, जिसके बाद रेलवे का रीडेवलपमेंट का निर्माण कार्य शुरू होगा।

### मनी लांड्रिंग का झांसा...

का काम करता है। पुलिस के अनुसार जसविंदर ने जिस महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 58 लाख की ठगी की है, उसने आधा दर्जन से ज्यादा अलग-अलग बैंक अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कराकर महिला को ठगी का शिकार बनाया है।

**महिला को ऐसे दिया झांसा** : रेंज साइबर पुलिस के मुताबिक एक जालसाज ने वाट्सएप कॉल कर महिला को अपने आपको मुंबई टेलिकॉम डिपार्टमेंट का कर्मी बताकर उन्हें उनके आधार कार्ड का दुरुपयोग होने का झांसा दिया। जालसाज ने महिला को उनके आधार नंबर के आधार पर 311 बैंक अकाउंट खोले जाने का झांसा दिया। साथ ही महिला को मुंबई आने के लिए कहा। इसके बाद जालसाज ने कॉल कर मुंबई क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर करने का झांसा दिया।

**पुलिस की वर्दी पहन कर डिजिटल अरेस्ट** : कथित टेलिकॉम कर्मी द्वारा क्राइम ब्रांच को कॉल ट्रांसफर करने के बाद एक पुलिस की वर्दी में युवक आया। उसने अपना नाम विक्रम सिंह बताया। उस फर्जी मुंबई क्राइम ब्रांच के अफसर ने महिला को जांच पूरी नहीं होने तक वाट्सएप कॉल से जुड़े रहने के लिए कहा। इसके बाद फर्जी पुलिस ने महिला से पर्सनल सवाल पूछने के साथ ही महिला से उनके बैंक डिटेल की जानकारी हासिल की। साथ ही महिला को मनी लांड्रिंग के आरोप में जेल भेजने की धमकी देते हुए महिला को वाट्सएप में मनी लांड्रिंग का एक फर्जी लेटर भेजा। इस तरह जालसाजों ने महिला को 24 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर घर में बंधक बनाकर कर रख दिया।

**डराने के बाद महिला से पैसे वसूले** : जालसाज को लगा कि महिला बुरी तरह से डर गई है, इसके बाद जालसाज ने महिला को एक अकाउंट नंबर दिया। जालसाज ने महिला को उस अकाउंट में 31 लाख रुपए जमा करने के लिए कहा। दूसरे दिन महिला ने जालसाज द्वारा दिए गए अकाउंट नंबर में आरटीजीएस से 31 लाख रुपए ट्रांसफर किए। इस तरह जालसाजों ने अलग-अलग अकाउंट नंबर में चार दिन में महिला से 58 लाख की ठगी की।

**पुलिस ने जालसाज को ऐसे ट्रेस किया** : रेंज साइबर पुलिस के अनुसार महिला ने जिन-जिन अकाउंट में रुपए ट्रांसफर किए हैं, उनकी डिटेल निकाली गई। उनमें से एक अकाउंट राजनांदगांव का होना पाया गया। इसके बाद पुलिस ने अकाउंट के बीपीएन आईटी नंबर के आधार पर जसविंदर को ट्रेस कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने की घटना में रेंज पुलिस की यह पहली बड़ी कार्रवाई है।

### सड़क पर मेन लाइन...

लीकेज बना हुआ है, जिसे ठीक किया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों ने हरिभूमि को बताया कि पुराना एयरवाल्व चैंबर के अंदर अंडरग्राउंड था, जो कि खराब हो गया। बड़े आकार के इस एयरवाल्व को कंक्रीट तोड़कर बाहर निकालकर उसके स्थान पर नया एयरवाल्व लगा दिया गया है। मुख्य मार्ग की सड़क पर पाइप लाइन लीकेज होने से इस मार्ग में आने-जाने वालों को लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

### जिले के 24 केंद्रों...

बिरगांव, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोवा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाभांडी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंगोराभाटा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाटागांव, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कचना, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोगांव, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हीरापुर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र काशीराम नगर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भनपुरी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवपुरी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजातालाब, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियाकला, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमासिवनी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डीडीयू नगर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उरला

### अक्टूबर के बिल में...

उनसे अंतर की राशि ली जा रही है। प्रदेश के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं में से 54 लाख के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। अब तक प्रदेश में पांच लाख मीटर लग गए हैं। इनको लगाने पर ही छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को चार हजार करोड़ खर्च करना पड़ रहा है। इस एक बड़े झटके के साथ कंपनी को एक और बड़ा झटका सुरक्षा निधि वापस करने का लगेगा। हजार करोड़ से ज्यादा की सुरक्षा निधि भी वापस करनी पड़ेगी, क्योंकि प्रीपैड में सुरक्षा निधि का कोई प्रावधान नहीं है। इसमें पहले रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी, लेकिन अभी शुरुआती दौर पर मीटरों को पोस्टपैड ही किया गया है। ऐसे में जहां पहले की तरह की बिल आ रहा है, वहीं पहले की तरह ही सुरक्षा निधि की अंतर की राशि भी ली जा रही है।

### सुरक्षा निधि होगी...

प्रीपेड हो जाएंगे तो या तो सुरक्षा निधि के पैसों से उपभोक्ताओं का मीटर रीचार्ज करा दिया जाएगा, नहीं तो प्रीपेड कनेक्शन होने के दो माह पहले बिल में सुरक्षा निधि का समायोजन कर दिया जाएगा।

### डेढ़ लाख संपत्तियों का...

निगम के ऑनलाइन सिस्टम में दर्ज नहीं होना है। इसी तरह वर्तमान में 25 हजार खाली भूखंडों में से केवल 4 हजार भूखंडों में ही राजस्व की वसूली की जा रही है। बाकी के 21 हजार खाली भूखंड ऐसे हैं, जिसमें भूमि स्वामी का नाम, पता आदि दर्ज न होने के कारण डिमांड बिल संपत्तिधारक तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसे देखते हुए भूखंडों का रिकार्ड उपलब्ध कराने भू अभिलेख विभाग को पत्र भेजा गया था, जिसके बाद भू अभिलेख शाखा से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर डिमांड तैयार होगा। विदित हो, नगर निगम द्वारा एक वर्ष पूर्व कराए गए जीआईएस सर्वे में यह चूक सामने आई थी। इसके बाद डेढ़ लाख छूटी हुई संपत्ति को कर के दायरे में लाने की तैयारी शुरू हो गई है।

**5 माह राजस्व वसूली पर रहेगा फोकस** : नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने गुरुवार को गांधी सदन में अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, उपायुक्त राजस्व विवेकानंद दुबे सहित सभी जोन के कमिश्नरों, सहायक राजस्व अधिकारियों और नगर निवेश विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित किया है, आने वाले 5 माह तक राजस्व महकमे की निर्वाचन के अतिरिक्त अन्य कार्यों में डयूटी न लगाएं। 5 माह का समय केवल राजस्व वसूली पर फोकस रहेगा। इस अवधि में बड़े बकायादारों से बकाया राजस्व वसूली में तेजी लाने की हिदायत दी गई है। नगर निवेश विभाग से सभी अवैध निर्माण और भवन अनुज्ञा के विरुद्ध अतिरिक्त निर्माण हुए भवनों को राजीनामा किए जाने का निर्देश दिया गया है।





## आराधना

### एक साथ तीन मुमुक्षु आज लेंगे दीक्षा, इनमें रायपुर के अरिहंत भी



**रायपुर।** नवंबर को दादाबाड़ी में ऐतिहासिक दीक्षा होने जा रही है, जिसमें एक साथ तीन मुमुक्षु अरिहंत बुरड़, नीलेश मेहता और निकिता कटारिया एकसाथ संयम जीवन अपनाएंगे। मुमुक्षु अरिहंत रायपुर के ही रहने वाले हैं। उन्हें विदाई देने के लिए गुरुवार को परिवार-समाज की महिलाएं रिंग रोड के पास वॉलफोर्ट सिटी स्थित उनके निवास पर एकत्र हुईं। विदाई गीत गाए। भजन संध्या भी हुई। शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा की सुबह उनकी घर से विदाई होगी। तीनों मुमुक्षुओं की दीक्षा का 5 दिवसीय ऐतिहासिक महोत्सव 19 नवंबर से श्री जैन दादाबाड़ी में शुरू होगा। प्रवचन श्रृंखला में विराग मुनि ने कहा, मान में पड़ा व्यक्ति चाहता है कि सब उसके मन मुताबिक हो। ऐसा न हो तो खुद ही खुद को उपेक्षित महसूस करता है। क्रोध करता है। दुखी भी रहता है। मान छोड़ो। धर्म में मन लगाओ।

#### 111 बार खमासना शत्रुंजय तीर्थ भाव यात्रा

शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट और आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति की ओर से सदर बाजार से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें तीनों दीक्षार्थी भी शामिल होंगे। सदर मंदिर से निकलेगी यह यात्रा दादाबाड़ी पहुंचकर समाप्त होगी। गुरु भगवंत के साथ समाज के लोग रहेंगे सुबह 8.30 बजे नवकारसी के बाद शत्रुंजय तीर्थ की भाव यात्रा दादाबाड़ी में कराई जाएगी। समिति सदस्यों ने बताया, कार्तिक पूर्णिमा पर शत्रुंजय तीर्थ के दर्शन का विशेष महत्व है। सबके लिए इस दिन तीर्थ जाना संभव नहीं। ऐसे में दादाबाड़ी में धार्मिक क्रियाओं के साथ शत्रुंजय तीर्थ की भाव यात्रा कराई जाएगी। इस दौरान भगवान से 111 बार खमासना की जाएगी।

## कैंपस इवेंट

### दरभंगा के मिथिला विवि ने हराया सीवी रमन विवि को



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला में भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली के तत्वावधान में पूर्वी क्षेत्रीय अंतर-विश्वविद्यालय कबड्डी महिला प्रतियोगिता आयोजित की गई। 12 नवंबर से प्रारंभ हुई इस प्रतियोगिता का समापन 14 नवंबर को हुआ। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 33 विश्वविद्यालयों से 396 खिलाड़ियों के साथ 66 कोच और मैनेजर शामिल हुए। प्रथम स्थान पर ललित नारायण मिथिला विवि, दरभंगा रहा। लीग मैचों के फॉर एंड अगेंस्ट पॉइंट नियम के आधार पर डॉ.सीवी रमन विवि द्वितीय स्थान पर रहा, जबकि अटल बिहारी वाजपेई विवि को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

#### लीग मुकाबलों में कड़ी टक्कर

प्रतियोगिता के तीसरे दिन रोमांचक लीग मुकाबले में डॉ.सीवी रमन विवि बिलासपुर को ललित नारायण मिथिला विवि दरभंगा ने 32-34 के करीबी अंतर से हराया। अटल बिहारी वाजपेई विवि बिलासपुर ने कोलकाता विवि को 58-28 अंकों से पराजित किया। द्वितीय लीग मैच में डॉ.सीवी रमन विवि ने कोलकाता विवि को 32-20 अंकों के अंतर से हराया। अटल बिहारी वाजपेई विवि ने ललित नारायण मिथिला विवि, दरभंगा को 32-20 अंकों से पराजित किया। तृतीय लीग मैच में डॉ.सीवी रमन विवि और अटल बिहारी वाजपेई विवि का मुकाबला 44-44 के बराबरी पर समाप्त हुआ। वहीं ललित नारायण मिथिला विवि ने कोलकाता विश्वविद्यालय को 61-17 अंकों से हराकर शानदार प्रदर्शन किया।

## सिटी इवेंट

### नाट्य स्पर्धा के बाद एकल व युगल नृत्य में दिखी प्रतिभा



**रायपुर।** श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज में वार्षिक सांस्कृतिक समारोह के अंतर्गत दूसरे दिन नृत्य नाटक की स्पर्धा संपन्न हुई। मेडिकल स्टूडेंट्स ने चिकित्सीय पढ़ाई से दूर अन्य गतिविधियों को अपना समय देते हुए प्रतिभा दिखाई। नाट्य स्पर्धा में जहां उन्होंने अपने भीतर के अभिनय क्षमता को निखारा, वहीं नृत्य स्पर्धा के माध्यम से विविध भावनाएं पेश की। प्राध्यापक भी छात्रों की प्रस्तुति पर ताली बजाने से खुद को रोक नहीं सके।

#### परंपरागत गीतों संग आधुनिक गानों का चयन

सर्वप्रथम लघु नाटक 'चाय-पानी' की प्रस्तुति हुई, इसमें ओम तिवारी, त्रिशेक श्रीवास, प्रज्वल, करण, चंद्रचूड़,आशीष, प्रजनल, आदर्श, रोशन, श्याम, वृंदा, श्रद्धा, संस्कृति, यशवी, ने भाग लिया। एकल डांस आकृति मिश्रा, महक, विधि, वर्दी, समृद्धि, आयुष द्वारा प्रस्तुत किए। युगल डांस में सिद्धि, खुशी, निशिका, दीप्ति, आकृति, श्रुति, निधि, फाल्गुनी, पियूष, प्रत्यूष ने परफॉर्मेंस दी। इसके अलावा समूह नृत्य में निधि, मुस्कान, कुसुम, कुनूर, पीनल, खुशी, मेघा, मयंक, पांडेय, मलयज, विशु, आकाश, कनिष्क, मयंक, फाल्गुनी, महक, आदित्य, अनुष्का, गायत्री, राहुल, वर्दी, इशिता ने प्रस्तुति दी। नृत्य स्पर्धा की विशेष बात यह रही कि छात्रों ने परंपरागत गीतों के साथ आधुनिक गानों का भी चयन किया था।





*धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर गुरुवार को साइंस कॉलेज मैदान में दो दिवसीय जनजाति गौरव दिवस एवं अंतर्राज्यीय आदिवासी लोक नृत्य महोत्सव का आगाज हुआ। मार्चपास्ट के साथ ही 21 राज्यों के 28 आदिवासी नर्तक दलों के कलाकारों ने पहले दिन ऐसा समां बांधा कि दर्शक घंटों एकटक देखते ही रह गए। कार्यक्रम में कलाकार की प्रस्तुति में हर कोई उत्साह, उल्लास और उमंग के रंग में रंग गया।*



- मार्च पास्ट के साथ जनजातीय गौरव दिवस व अंतर्राज्यीय आदिवासी लोकनृत्य महोत्सव का आगाज
- पहले दिन कलाकारों ने दर्शकों के बीच छोड़ी अपनी छाप, कला और संस्कृति से कराया परिचय
- देशभर के प्राचीनतम परंपरागत नृत्य एक मंच पर, राजधानी में जुटे आदिवासी कलाकार

# गुजरात के सिद्धि धमाल नृत्य के जरिए आदिवासियों ने की पूर्वज आराधना, निकोबारी जनजाति का मोहक पूर्णिमा नृत्य



**रायपुर।** हर दल के साथ भाषा, वेशभूषा और संस्कृति की विविधता में हर कोई कौतूहल में डूबा नजर आया। अतिथियों और दर्शकों से मिले उत्साहवर्धन ने कलाकारों को भी अभिभूत कर दिया। कलाकार छत्तीसगढ़ की मेहमान नवाजी और सेवाभाव से मंत्रमुग्ध नजर आए। मंचीय कार्यक्रम के बाद नृत्य महोत्सव में नर्तक दलों की प्रस्तुतियां शुरू हुईं, जो रात 8 बजे तक जा री रही।



### महुआ पर ठहरी निगाहें

महोत्सव में आदिवासी का देशी व्यंजन आकर्षण का केंद्र है। यहां बस्तर के सभी प्रमुख व्यंजनों का स्वाद चखने को मिल रहा है, जिसमें लाल चींटियों से बनी चटनी, तीन साल पुरानी इमली से बनी चटनी, महुआ के फूलों से बनने वाली शराब और मधुरस की जानकारी लेने लोगों ने अधिक दिलचस्पी दिखाई। सुकमा के कलाकार खास बस्तर से विशेष व्यंजन लेकर पहुंचे। जंगलों में उगने वाले दुर्लभ फलों के व्यंजन यहां देखने को मिल रहे हैं। आदिवासी लोगों को व्यंजनों का स्वाद चखाने संग विशेषता भी बता रहे हैं। लोगों ने आदिवासियों ने महुआ से शराब बनाने की पूरी प्रकिया को समझा। इसके अलावा ताड़ी पेय पदार्थ के बारे में विस्तार से जाना।





### लोगों ने चखी चींटियों की मसालेदार चटनी

बस्तर की चींटियों की मसालेदार चटनी देशभर में प्रसिद्ध है। आदिवासी फूल स्टॉल में पहुंचने वाले ज्यादातर लोगों ने चापड़ा चटनी की जानकारी ली। ये चटनी आदिवासी समाज के लोग खाते हैं। आदिवासियों ने बताया कि चापड़ा चींटी को नमक-मिर्च के साथ पीसकर चटनी बनाकर खाया जाता है। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में लंबे समय से इसका इस्तेमाल होता रहा है। अब शहरों में भी चापड़ा चटनी लोगों को पसंद आ रही है। इसके अलावा इमली की पुरानी चटनी का स्वाद भी लोगों को पसंद आया।

### निकोबारी जनजाति पूर्णिमा पर करती है नृत्य

दूसरी प्रस्तुति अंडमान के कलाकारों की रही। इसमें निकोबारी जनजाति के नर्तक दल ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम में समां बांधा। पारंपरिक परिधान में निकोबारी नर्तक दल के मांदर की थाप और लयकारी नृत्य को दर्शकों ने खूब सराहा। सामान्यतः यह नृत्य निकोबारी जनजाति द्वारा उनके विवाह संस्कार व अन्य सभी उत्सवों पर किया जाता है। निकोबारी लोक नृत्य, अंडमान एवं निकोबार का सबसे प्राचीनतम परंपरागत नृत्य है, जो कि निकोबार द्वीप पर रहने वाले निकोबारी जनजाति द्वारा किया जाता है। महिला व पुरुष नर्तक दलों द्वारा यह नृत्य पूर्णिमा के अवसर पर किया जाता है। प्रस्तुति के दौरान कलाकार नारियल की पत्तियों को धारण कर परस्पर एक-दूसरे के कंधों पर हाथ रखकर, एक ही समय पर पद का थाप देते हुए यह नृत्य प्रस्तुत करते रहे।

### दो दिन तक लगातार चलता है नृत्य

कार्यक्रम में पहली प्रस्तुति अरुणाचल प्रदेश की रही। इस दौरान कलाकारों की प्रस्तुति से मांदर की थाप और अलग-अलग वाद्ययंत्रों की ध्वनि से पूरा परिसर गूंज उठा। आसपास मौजूद लोग स्वतः ही दर्शक दीर्घा की ओर बढ़ने लगे। इसके अलावा गुजरात के सिद्धि धमाल नृत्य ने खूब तालियां बटोरी। टीम के शब्बीर हुसैन ने बताया, यह नृत्य शादी विवाह पर भी किया जाता है। शाम को शुरू हुआ नृत्य अगले दिन सुबह तक चलता है। कई शादियों में यह दो दिन तक लगातार चलता है। इसमें एक टीम हटने के बाद दूसरी टीम साथ में ही नृत्य करना शुरु कर देती है। उनके पूर्वज अफ्रीका से थे। यह नृत्य सिद्धि समुदाय के लोग अपने पूर्वज बाबा हजरत की आराधना में करते हैं। यह समुदाय अफ्रीकी मूल के लोगों का है।

### छग की चार प्रस्तुतियां, दिखी बस्तर की संस्कृति

पहले दिन छत्तीसगढ़ के आदिवासी कलाकारों ने चार अलग-अलग प्रस्तुतियां दी, जिसमें छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। पहली प्रस्तुति अबुझमाड़िया गौर नृत्य रही। कलाकारों की साज-सज्जा उनके परिधान, मुखौटे लोगों के लिए आकर्षण बने रहे। प्रस्तुति से बस्तर की प्राचीन पौराणिक काल की कथाएं जीवंत हो उठी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसके बाद सैला नृत्य, मांदरी व मांदरी नृत्य ने छत्तीसगढ़ की दुर्लभ आदिवासी संस्कृति की परंपरा देखने को मिली।

### वीर योद्धाओं को नमन करने पेश किया नृत्य

नागालैंड के जनजातीय कलाकारों ने आओ नागा लोकनृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। पारंपरिक परिधान धारण किए हुए कलाकारों की प्रस्तुति देखने लायक थी। नृत्य युद्ध में अपने शौर्य कौशल के बल पर प्रदर्शन कर शत्रुओं को परास्त करने वाले वीर योद्धाओं को नमन करते हुए शौर्य गाथा को व्यक्त किया। नागालैंड के जातीय समुदाय के नर्तक आपस में एकत्र होकर पैरों से ताल देते हुए दुश्मनों को परास्त करने के लिए विजय गीत गाते रहे। इस दौरान ग्रामवासी भी नृत्य की वेशभूषा में नजर आए।







## बाल दिवस



पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी और वरिष्ठतम संकाय सदस्य डॉ.अरविंद नेरल द्वारा के प्रवेश द्वार पर स्थापित पंडित नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।



रविवि के अर्थशास्त्र अध्ययनशाला के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने कोटा स्थित सेवा भारती मातृछाया बाल आश्रम के बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. रविंद्र ब्रह्मे, प्रो. बीएल सोनकर, डॉ. अर्चना सेठी, डॉ. सुनील कुमेटी, विभागीय साहित्यिक क्लब की समन्वयक डॉ. प्रगति कृष्णन, सीके वर्मा तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



सालेम इंग्लिश स्कूल में कक्षा 9वीं के बच्चों द्वारा मशरूम फॉर्मिंग के प्रोजेक्ट को प्रदर्शित किया गया। 11वीं के बच्चों द्वारा स्काईवॉक प्रोजेक्ट बनाया गया। इसमे सिंगिंग प्रतियोगिता तथा रैंपवॉक का भी आयोजन किया गया।



स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय तिलक नगर गुढ़ियारी में न्योता भोज आयोजित किया गया। पार्षद कामिनी देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, एसएमडीसी के अध्यक्ष अशोक साहू समेत संस्था की प्राचार्य जॉली साहू शामिल रहे।



रोटरी क्लब ऑफ एलिगेंस द्वारा काश फाउंडेशन में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। बच्चों के साथ समय बिताते हुए उनकी देखरेख का संकल्प लिया।




देशबंधु उच्चतर माध्यमिक शाला में आनंद मेला का आयोजन किया गया। 17 से अधिक स्टॉल सजाए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्राचार्य शिशिर दास, अनिता अग्रवाल, हनी लालवानी सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।




ज्ञान गंगा एजूकेशनल एकेडमी में बाल दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय 'अभ्युदय' सांस्कृतिक उत्सव की शुरुआत हुई। उद्घाटन अवसर पर विद्यालय की अध्यक्ष मंजू शांडिल्य, डायरेक्टर प्रियंका शांडिल्य और प्राचार्या प्रतिमा राजगोर उपस्थित रहे।






श्री बालाजी विद्या मंदिर में मुख्य अतिथि के रुप में आंध्र एसोसिएशन के अध्यक्ष जी.स्वामी उपस्थित रहे। नर्सरी कक्षा के नन्हे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही पारंपरिक, फिल्मी व शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति हुई।

# लक्ष्मण! अहंकार ही मेरे अंत का कारण

## 'हमारे राम' नाटक में रावण बने आशुतोष का शानदार अभिनय








*'मेरे स्वामी शिव के पूजन का प्रक्रिया नहीं रूकनी चाहिए, नारियल के बदले मैं रावण अपना शीश शिव को अर्पित करता हूं... इन संवादों संग रावण का किरदार निभा रहे आशुतोष राणा ने शानदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। मौका था राजधानी रायपुर में मंचित किए गए नाटक 'हमारे राम' का। नाटक की शुरुआत में रावण शिव भक्ति में लीन नजर आए। पूजन के दौरान नारियल फल ना होने के कारण रावण भगवान शंकर को अपना शीश अर्पित करते दिखे। जिसके बाद शिव ने प्रकट होकर रावण को दशानन होने का वरदान दिया।'*

### रावण ने दी यह जीवन शिक्षा

रावण का पात्र निभा रहे आशुतोष राणा ने रावण के अंतिम समय में दी गई शिक्षा का वाचन किया। उन्होंने कहा- लक्ष्मण! व्यक्ति को अपनी शिक्षा, ज्ञान, स्वरुप-सौंदर्य, भक्ति एवं धन का अहंकार नहीं होना चाहिए। अहंकार से व्यक्ति का विनाश होना निश्चित है, मेरे अंत का भी यह कारण है।







रायपुर। ऊर्जा लेडिज सोसायटी द्वारा पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित इस नाटक की शुरुआत लव-कुश पात्र के भजन 'हम कथा सुनाते राम सकल गुण धाम की' संग हुई। जहां दरबार में श्री राम और अन्य राज्य के सदस्यों द्वारा लव-कुश ने नाटक का मंचन किया। सभागार में लवकुश की एंट्री दर्शकों के मध्य से हुई, जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। तीन घंटे तक चले इस नाटक के निर्माता राहुल भुच्चर रहे।

### बांधे रखा प्रत्येक दृश्य ने

कार्यक्रम के अंत में सभी किरदार मंच पर उपस्थित हुए, जिसमें आशुतोष राणा व अन्य किरदार शामिल रहे। शुरुआत से ही नाटक रोमांच से भरपूर रहा, जिसके हर एक दृश्य ने दर्शकों को बांधकर रखा। तीन घंटे की प्रस्तुति में बच्चों से लेकर बुजुर्ग भी मौजूद रहे। रावण के साथ श्री राम व हनुमान का किरदार भी आकर्षण का केंद्र बना रहा।

### शिष्य का स्थान गुरु चरण में

श्रीराम व रावण के युद्ध का दृश्य रोमांच से भरा रहा। अंत में श्री राम ने लक्ष्मण को युद्ध स्थल पर रावण से शिक्षा प्राप्त करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा, लक्ष्मण रावण के अंतिम समय में उसके समीप जाकर जीवन की शिक्षा लेना आवश्यक है। हमेशा ज्ञान देने वाला गुरु और ज्ञान लेने वाला शिष्य होता है। एक अच्छे शिष्य का स्थान गुरु के चरणों में होता है।

### शिव भक्ति में डूबे आशुतोष के अभिनय ने डाली जान

नाटक के दौरान आशुतोष राणा ने दर्शकों के बीच शिव भजन के साथ एंट्री ली। नाटक के शुरुआत से ही दर्शकों में उत्साह देखते ही बन रहा था। लोकप्रिय अभिनेता के आते ही तालियों की गूंज सभागार में सुनने को मिली। इस दौरान कैलाश खेर के डमक-डमक...जैसे अनेक शिव भजनों पर आशुतोष राणा ने नाट्य मंचन किया। सभागार पूरी तरह से खचाखच भरा रहा।

### युद्ध के दृश्यों ने चौंकाया

राम-सीता विवाह, वनवास, सीता हरण, सीता व रावण का संवाद, राम-लक्ष्मण का संघर्ष, रावण दरबार में हनुमान सहित युद्ध की शुरुआत व अंत देखने को मिला। इसके पश्चात लव-कुश व माता सीता का वन जीवन, लव-कुश की शिक्षा व रामकथा वाचन का दृश्य देखने को मिला। माता सीता का धरती में समा जाना और श्री राम का वियोग दृश्य दर्शकों के लिए भावुक करने वाला पल रहा। मंच के बैकग्राउंड में इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड के माध्यम से नाटक के कथानक के अनुसार दृश्य बदलते रहे। युद्ध के दृश्यों ने इस दौरान चौंकाया।

# परिणय सूत्र में बंधे दिव्यांग, सात वचन निभाने का वादा

*सामाजिक संस्थाओं द्वारा प्रत्येक माह जन हितकारी कार्य किए जाते हैं। इस दौरान समाज के अर्थिक रुप से कमजोर व दिव्यांगों का सहयोग करना मुख्य उद्देश्य होता है। गुरुवार को शहर में निःशुल्क सामूहिक विवाह का आयोजन छग नया सवेरा जन कल्याण समिति द्वारा किया गया, जहां ओडिसा व बलौदाबाजार जिले से तीन युवक-युवतियों का विवाह संपन्न कराया गया। विवाह समारोह में समाजगण बड़ी संख्या में जुटे। दिव्यांग जोड़ों के परिजन भी समारोह में शामिल हुए और नव दंपति को आशीर्वाद दिया। विवाह संबंधित सभी रस्में विधि-विधान से निभाई गईं। अलंकरण समारोह में पहुंचे गणमान्य नागरिकों ने भी वर-वधु को आशीर्वाद दिया। समारोह की तैयारियां संस्था द्वारा गत माह से ही प्रारंभ कर दी गई थी। बड़ी संख्या में समाज सदस्यों ने इसमें अपना योगदान दिया।*





रायपुर। स्व.कृपाराम साहू और प्रयाग साहू की स्मृति में यह विवाह हुआ। इसमें चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ.राकेश गुप्ता, डॉ.रश्मि चवरे, दिव्यांगों की सहायता के लिए विनय मित्र मंडल, स्वास्थ्य व सड़क जागरुकता के लिए स्टे फिट विथ मी ग्रुप, छत्तीसगढ़ किन्नर कल्याण संगठन, रौशनी फाउंडेशन, फील पर्मार्थम फाउंडेशन को पुरस्कृत किया गया। विवाह में दुर्ग, भिलाई, बलौदाबाजार, धमतरी से भी लोग शामिल हुए।

### अलंकरण समारोह भी

विवाह कार्य सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक हुआ। समिति अध्यक्ष लता अजय साहू ने बताया, यह आर्थिक रुप से कमजोर व दिव्यांग युवक-युवतियों के लिए निशुल्क आयोजित की गई। अलंकरण एवं सम्मान समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, मंत्री टंकराम वर्मा, महंत राम सुंदर दास, विधायक संदीप साहू, डॉ.सोमनाथ साहू, सुभाष मिश्रा मुख्य अतिथि स्वरुप शामिल हुए। समारोह में समिति के प्रमुख सदस्य अमित गुप्ता, राजा निर्मलकर, राजेन्द्र कुमार साहू, लीना साव, निर्मला साहू, विष्णु प्रसाद साहू और परमेश्वर साहू उपस्थित रहे।

# सिविल जज के 49 पदों के लिए साक्षात्कार 2 दिसंबर से

रायपुर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सिविज जज के 49 पदों के लिए साक्षात्कार तिथि घोषित कर दी गई है। विधि एवं विधायी कार्य विभाग के अंतर्गत व्यवहार न्यायाधीश के लिए प्रवेश स्तरीय परीक्षा के बाद 49 विज्ञापित पदों के लिए मुख्य परीक्षा का आयोजन 25 अगस्त को किया गया था। परीक्षा परिणाम दिनांक 8 अक्टूबर को जारी किया गया। उक्त लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों व अर्ह अभ्यर्थियों की उपलब्धता के आधार पर 151 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चिन्हांकित किया गया है। आयोग द्वारा चिन्हांकित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 2 से 11 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा।

### ... तो नहीं दिला सकेंगे साक्षात्कार

उपरोक्त पदों के साक्षात्कार के लिए चिन्हांकित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन साक्षात्कार तिथि के एक दिन पूर्व निर्धारित पाली में किया जायेगा। दस्तावेजों के सत्यापन में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थी के पास आवश्यक अर्हताओं का प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है। इससे संबंधित अन्य दिशा-निर्देश पीएससी ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

## कार्तिक पूर्णिमा आज : महादेव घाट में तड़के प्रारंभ होगा पुण्य स्नान

# चंद्रमा और मंगल रहेंगे एक-दूसरे की राशि में गजकेसरी, बुधादित्य संग शश राजयोग आज

**कार्नर न्यूज**

रायपुर। कार्तिक पूर्णिमा पर चंद्रमा और मंगल एक-दूसरे की राशि में रहेंगे और राशि परिवर्तन योग बनाएंगे। इस दिन गजकेसरी योग और बुधादित्य राजयोग भी बन रहा है। साथ ही इस बार कार्तिक पूर्णिमा पर शश राजयोग का शुभ संयोग भी बना हुआ है। इसी दिन शनि अपनी राशि कुंभ में मार्गी होने जा रहे हैं। इन सभी शुभ योग में किया जाने वाला दान सौ गुना फल देगा और आपके सभी आर्थिक कष्ट दूर होंगे।

### सीएम पहुंचे महादेव घाट

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्री हाटकेश्वर महादेव और मां काली के दर्शन किए। उन्होंने श्री हाटकेश्वर महादेव और मां काली की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विधायक मोतीलाल साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक परंपराएं न केवल हमारी आस्था को मजबूत करती हैं अपितु हमारे जीवन में उल्लास भी भरती हैं।





**तैयारियां पूरी :** पुण्य स्नान के लिए सैकड़ों की संख्या में भक्त आज महादेव घाट में जुटेंगे। इसके साथ ही मेले की भी शुरुआत आज से हो जाएगी। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार देर रात तक व्यवस्था निर्माण संबंधित कार्य होते रहे।

हिंदू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के साथ ही भगवान शिव की पूजा भी की जाती है। पौराणिक कथाओं में बताया गया है कि इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का अंत करके उसके आतंक से देवताओं को मुक्ति दिलाई थी, इसलिए इस दिन का महत्व शास्त्रों में बहुत खास माना जाता है। इस दिन पूजापाठ के साथ दानपुण्य करने और गंगास्नान करने से आपके सभी कष्ट दूर होते हैं और कई जन्मों के पापों का अंत होता है। कार्तिक पूर्णिमा पर अबकी बार दो बहुत ही शुभ संयोग बने हैं। इस शुभ योग में पूजा करने से आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी और साथ ही विशेष पुण्य की प्राप्ति होगी।

### पूजन मुहूर्त सुबह 6 बजकर 44 मिनट से

पंचांग के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा की शुरुआत 15 नवंबर को सुबह 6 बजकर 19 मिनट पर होगी और समापन 16 नवंबर को सुबह 2 बजकर 58 मिनट पर होगी। इस दिन स्नान और दान का शुभ मुहूर्त सुबह 4 बजकर 58 मिनट से सुबह 5 बजकर 51 मिनट तक रहेगा। भगवान सत्यनारायण की पूजा का समय सुबह 6 बजकर 44 मिनट से सुबह 10 बजकर 45 मिनट तक रहेगा।

### होगी सत्यनारायण कथा

कार्तिक पूर्णिमा पर सत्यनारायण कथा के लाभ कार्तिक पूर्णिमा पर सत्यनारायण भगवान की पूजा करने का खास महत्व पद्म पुराण में बताया गया है। मंदिरों के साथ ही घरों में भी सत्यनारायण कथा का आयोजन किया जाएगा। इस दिन घर में सत्यनारायण भगवान की कथा करवाने से घर की शुद्धि होती है और हर प्रकार की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है। इस दिन सत्यनारायण भगवान की पूजा करने से ग्रहदशा अनुकूल होती है और आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। साथ ही मां लक्ष्मी आपसे प्रसन्न होकर परिवार के सभी लोगों को तरक्की प्रदान करती हैं।

## खबर संक्षेप

### जोगी ने महतारी वंदन की राशि बढ़ाने किया आग्रह



**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर कहा, आधी आबादी, नारी शक्ति के लिए हमारे पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और झारखंड में लोकप्रिय योजना लाड़ली बहन, लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत प्रतिमाह 1500 रुपए प्रदान किया जाता है।

### नवनियुक्त अधिकारियों को दी जानकारी



**रायपुर।** केंद्रीय भूजल बोर्ड के 26 नवनियुक्त वैज्ञानिक अधिकारियों के एक वर्षीय प्रवेश प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के चौथे बैच का उद्घाटन समारोह गुरुवार को राजीव गांधी भूजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में किया गया। इस मौके पर आरजीएनजीडब्ल्यूटीआरआई के क्षेत्रीय निदेशक निधीश वर्मा ने अपने स्वागत भाषण में सभी प्रशिक्षु अधिकारियों का स्वागत किया तथा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की पृष्ठभूमि, उद्देश्य और आयोजन के बारे में बताया तथा प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि केंद्रीय भूजल बोर्ड और केंद्रीय जल प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. एसके अंबस्ट ने भी प्रशिक्षुओं को उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता की शुभकामनाएं दीं।


# नान के गोदामों में हजारों मीट्रिक टन चावल जाम पड़ा समय पर भंडारण-वितरण नहीं, इसलिए स्पेस की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर के (नान) गोदामों में हजारों मीट्रिक टन चावल जाम पड़ा हुआ है। वहीं पिछले वर्ष के कस्टम मिलिंग का हजारों क्विंटल चावल अभी जमा नहीं हो पाया है। यह चावल चालू माह के अंत तक इन गोदामों में पहुंच जाएगा, जिसके बाद गोदामों में स्पेस की और कमी हो जाएगी। इधर जिले में गुरुवार से समर्थन मूल्य पर किसानों से धान की खरीदी शुरू हो गई है। इस खरीदी के साथ उपार्जन केंद्रों से कस्टम मिलिंग वाले धान का उठाव भी शुरू कर देंगे। इस उठाव के बाद धान की छंटाई कर चावल को नान में जमा करने का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा। ऐसे में नान के गोदामों में स्पेस की कमी का असर धान खरीदी एवं धान उठाव पर भी पड़ सकता है। ये दोनों काम प्रभावित हुए, तो किसानों की समस्या भी बढ़ सकती है। धान खरीदी प्रभावित होने से किसान समय पर अपना धान बेच नहीं पाएंगे। धान की खरीदी शुरू हो गई है। ऐसे में नान के गोदामों में नया चावल रखने के लिए कितना स्पेस है, इसकी हरिभूमि की टीम ने पड़ताल की।







### 30 नवंबर तक करना है जमा

पिछले वर्ष का कस्टम मिलिंग का अब तक शत प्रतिशत चावल जमा नहीं हुआ है। करीब 6 प्रतिशत चावल अभी जमा होना शेष है। विभाग ने आखिरी मौका देते हुए 30 नवंबर तक अवधि बढ़ाई है। इसके बाद भी जमा नहीं किया गया, तो मिलरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करेंगे।

**- भूपेंद्र मिश्रा,** जिला खाद्य नियंत्रक

### एफसीआई के गोदामों में भी 2 हजार मीट्रिक टन खाद्यान्न पड़ा

*गुढ़ियारी स्थित छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन (एफसीआई) के गोदामों में भी 2 हजार मीट्रिक टन खाद्यान्न का स्टॉक पड़ा हुआ है। यहां की शाखा प्रबंधक कमली मिश्रा ने बताया कि यहां भी अलग-अलग साइज के 9 गोदाम हैं, जिनकी भंडारण की क्षमता 13572 मीट्रिक टन है। इन गोदामों में एक गोदाम में दवाइयां रखी हुई हैं, वहीं शेष 8 गोदामों में चावल, शक्कर एवं नमक का भंडारण किया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 3 सौ मीट्रिक टन खाद्यान्न का स्टॉक गोदामों में है। डिमांड आने पर खाद्यान्न की डिलीवरी की जाती है। नई धान खरीदी के कस्टम मिलिंग का चावल दिसंबर की पहली तारीख से आना शुरू होगा, तब तक गोदामों में पर्याप्त स्पेस हो जाएगा। उन्होंने बताया कि एफसीआई का अन्य जगहों पर भी गोदाम है। सबसे बड़ा मंदिर हसौद में है, जहां 40368 मीट्रिक टन खाद्यान्न रखने की क्षमता है। इस तरह किसी भी तरह स्पेस की कमी नहीं होगी।*

# ईवीएम मशीनों को जमा करने एवं एंट्री का काम आधी रात तक चला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ईवीएम मशीनों को सेजबहार स्थित स्ट्रांगरूम में सील किया गया है। 13 तारीख को हुए मतदान के बाद मतदान दलों का रात करीब साढ़े 7 बजे से स्ट्रांगरूम पहुंचना शुरू हो गया था, जो देर रात तक चला। सबसे आखरी मतदान दल रात करीब 11:35 बजे स्ट्रांगरूम पहुंचा था, लेकिन स्ट्रांगरूम पहुंचने के बाद भी ईवीएम मशीनों को जमा कराने में आधी रात बीत गई। स्ट्रांगरूम के प्रभारी अधिकारी केदार पटेल ने बताया कि रात करीब 2 बजे ईवीएम मशीनों को जमा कर एंट्री की गई। इसके बाद ही स्ट्रांगरूम को अधिकारियों की मौजूदगी में सीलबंद किया गया। स्ट्रांगरूम का दरवाजा अब सीधे मतगणना के दिन खोला जाएगा।



### 266 मतदान केंद्रों में हुई वोटिंग

दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए 266 मतदान केंद्रों में वोटिंग हुई। स्ट्रांगरूम के प्रभारी अधिकारी केदार पटेल ने बताया कि वोटिंग के बाद मतदान दलों का स्ट्रांगरूम में लौटने का सिलसिला देर शाम से शुरू हुआ, जो रात करीब 11.35 बजे तक चला।

# सादगी की प्रतिमूर्ति और सिद्धांत के पक्के थे व्यासजी

## पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीगोपाल व्यास की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को राजधानी रायपुर के मेडिकल कॉलेज सभागार में राज्यसभा के पूर्व सांसद एवं प्रख्यात समाजसेवी स्व. श्रीगोपाल व्यास की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि व्यासजी सादगी की प्रतिमूर्ति और अपने सिद्धांत के पक्के व्यक्ति थे। उनका निधन छत्तीसगढ़ के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अंतिम बार मुझे केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डाजी के साथ उनके निवास पर जाने का मौका मिला था, जहां श्रीगोपाल व्यासजी से मुलाकात हुई। जब हम उनसे मिलने पहुंचे तो 90 वर्ष की आयु में भी वे अत्यंत गर्मजोशी से हम लोगों से मिले। यह उनकी आत्मीयता को दर्शाता है। बचपन से मैं उनके विषय में सुना करता था। कुनकुरी के पं. देवकी महाराज के साथ व्यासजी मीसाबंदी रहे। मैं अक्सर जेल के अनुभव उनसे पूछता था। वे उनकी सादगी के बारे में बताते थे। जब मैं सांसद बना, तब व्यासजी से प्रत्यक्ष मिलने का सौभाग्य मिला। उनसे मिलकर एहसास हुआ कि जो कुछ उनके विषय में सुना था, वो शत-प्रतिशत सही था। वे सादगी की प्रतिमूर्ति थे। सादा जीवन उच्च विचार की पंक्तियां उनके लिए सटीक हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर स्व. व्यास को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से शोकसंतप्त परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।



### संत की तरह जीवन जीया : बृजमोहन

*सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि व्यासजी का जीवन देखकर नहीं लगता था कि वे गृहस्थ जीवन जी रहे थे। उन्होंने संत की तरह जीवन जीया। राज्यसभा सदस्य रहते हुए भी वे सामान्य जीवन जीते थे। वे हर कार्यकर्ता की चिंता करते थे। बड़े दायित्व में रहते हुए वे सामान्य रूप से रहते थे। उन्होंने कभी किसी की सहायता नहीं ली। उनके जीवन से कर्त्तव्य के प्रति समर्पण और देशसेवा की सीख मिलती है। वे अंतिम समय तक सक्रिय रहे और उन्होंने अहर्निश सेवा का कार्य किया।*

### ये हुए शामिल

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में साय मंत्रिमंडल से अरुण साव, रामविचार नेताम, ओपी चौधरी, केदार कश्यप, श्यामबिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, सांसद तोखन साहू, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, विधायक अजय चंद्राकर, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, संपत अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक अरुण वोरा समेत स्व. श्रीगोपाल व्यास के परिजन व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## गुरुनानक देवजी ने दिया भाईचारे का संदेश

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुनानक देव की जयंती पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने प्रदेशवासियों को, विशेषकर सिख समुदाय के लोगों को गुरुनानक देवजी की जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गुरुनानक देवजी की जयंती को गुरुपरब और प्रकाश पर्व के रूप में उल्लास के साथ मनाया जाता है। गुरुनानक देवजी ने विश्व को प्रेम, एकता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया है। उनके उपदेश हम सभी को प्रेम और सद्भाव के साथ सेवाभाव से जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हैं।

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर- 05 (भनपुरी) तहसील व जिला रायपुर
### सीमांकन के संबंध में आम सूचना

दिनांक 08.11.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जवाहर लाल पिता स्व. शिवचरण देवांगन निवासी ग्राम पचेड़ा पो. चन्दखुरी, थाना मंदिर हसौद रायपुर जिला रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम गोंदवारा प.ह.नं. 37 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर- 05 (भनपुरी) स्थित भूमि खसरा नंबर 473/17 रकबा 2310 वर्गफुट सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. 202410110800060/ अ-12/ वर्ष 2024-25 रायपुर के आदेश दिनांक 17.10.2024 के परिपालन में दिनांक 25.11.2024 को समय 2:00 बजे पश्चात् किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/ समय तक पटवारी हल्का नंबर 37 के गोंदवारा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर- 05 (भनपुरी)**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर
### सीमांकन, बटांकन के संबंध में आम सूचना

जारी दिनांक 01.11.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मालिक राम वर्मा पिता/पति केजूराम वर्मा निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 1222/1 रकबा 0.023 हे. का सीमांकन/बटांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 15.10.2024 के परिपालन में दिनांक 18.11.2024 को समय 03 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन/बटांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर
### सीमांकन, बटांकन के संबंध में आम सूचना

जारी दिनांक 01.11.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पुष्पांजली शुक्ला पति स्व. श्री महेश शुक्ला निवासी काशीराम नगर रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 1222/7 रकबा 0.020 हे. का सीमांकन/बटांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 15.10.2024 के परिपालन में दिनांक 18.11.2024 को समय 03 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन/बटांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर, में जूनियर एम.आई.जी. स्वतंत्र भवन क्रमांक- **76, श्री गया प्रसाद पुरेना पिता स्व. श्री तियारी राम पुरेना,** पताः- म.नं. 20/21, बंगला गायत्री नगर पों. शंकर नगर जिला - रायपुर (छ.ग.) के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त स्वतंत्र भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर स्वतंत्र भवन का रजिस्ट्री एवं अधिपत्य की कार्यवाही पुर्ण कर लिया गया है। **श्री गया प्रसाद पुरेना** की मृत्यु दिनांक 20.04.2021 को हो गया है। **श्रीमती सोनबाई पुरेना पति स्व. गया प्रसाद पुरेना,** द्वारा अपने पति के मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतारण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त स्वतंत्र भवन को **श्रीमती सोनबाई पुरेना पति स्व. गया प्रसाद पुरेना,** के नाम पर नामान्तरण करने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी**
**परियोजना नवा रायपुर**
**अटल नगर जिला-रायपुर(छ.ग.)**

### न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)
### फार्म "अ"

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री रिहान फरिश्ता पिता स्व. रफिक फरिश्ता निवासी कलेक्टोरेट के सामने पूनम स्कूल के पास जिला रायपुर एवं कु. किरण सिंह पिता स्व. श्री विजेन्द्र सिंह भारती निवासी शिव मंदिर रोड वार्ड नं. 17 तहसील छुईखदान थाना गंडई जिला खैरागढ़ ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 11 दिसम्बर, 2024 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 11 नवम्बर, 2024 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

(मुहर) **विवाह अधिकारी**
**रायपुर (छ.ग.)**

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016, 7747000019

विक्ट्री इलेक्ट्रिक VICTORY
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा, बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
एक बार चार्ज होने पर 100 से 120 किमी. चलती जाएं
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ विक्ट्री इलेक्ट्रिक पर
पॉवर सॉल्यूशन हुण्डई शो रुम के पास, रिंग रोड नं. 1 कुशालपुर, रायपुर (छ.ग.) 6263745853, 9827129838

CCTV • Biometrics • Fire Safety • Video Conf. • Networking & IT Solutions • Vehicle Traking • Fire Detection • Boom Barrier Gate Automn • Audio Conf • Smart Class Set up • Walky Talky • Smart Interaktive Panle
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880

तकिया रेमंड एक के साथ एक फ्री | चादरे सैट 9x9 425/- | तकिया फूल साईज 160/- जोड़ी | गद्दा सादा 220/- | मैट्रेस लेस 30% से 60% | पुराना गद्दा लाये नया ले जाये
4x6 - 15 किलो 700/-, 850/- गद्दा | फाईबर तकिया 250/- जोड़ी | प्रोट्रेक्टर सभी प्रकार के तैयार कव्हर | लग्जरी मैट्रेस 5, 6, 7, 8 इंच रेडी | सोफा कमबेड कर्म्फटर कबल | तैयार सफेद रुई फाइबर गद्दा
संजय रुई भंडार निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

भामरा गार्डन सिरपुर-बारनवापारा
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
Book Now
• KITTY PARTY • ANNIVERSARY • BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर 93404-44755

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
बुकिंग प्रारंभ
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके • उत्तम धान निकासी • शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

# गुरुनानक देव जयंती (प्रकाश पर्व) दी लख-लख बधाइयां



## गुरू नानक देव जी के विचार और शिक्षाएं हमें सच्चाई और सेवा का संदेश देती है...






*प्रसंग*

*सुनी पुकार दातार प्रभ*

*गुरू नानक जग माहि पठाइियां।।*

सिक्ख धर्म के प्रथम गुरू श्री गुरू नानक देव जी का प्रकाश 1469 ई. में पिता महिता कालू चंद, तथा माता त्रिपताजी के घर तलवंडी, राय भोंए में हुआ। जो ''श्री ननकाना साहिब के नाम से जाना जाता है।

श्री गुरूनानक देव जी अकाल पुरख के स्वरूप थे। जिनके आगमन से पूरे संसार में प्रकाश ही प्रकाश हो गया।

श्री गुरू नानक देव जी का अवतरण मानवता के कल्याण के लिए ही हुआ था। वे जगत को तारने के लिए ही आये थे। समाज में फैली विषमता के कारण प्रत्येक प्राणी दुखी था, कोई तन करके, कोई मन से, कोई धन से तो कोई औलाद के कारण दुखी था।

श्री गुरू नानक देव जी को, परमेश्वर ने अपना स्वरूप प्रदान करके सृष्टि सुधार के लिए भेजते हुए कहा,

*''मैं ओअं हूं, तथा तू सोहं है:*

*मैं तेरा ''गुरू'' तू जगत का गुरू।''*

इसलिए प्रत्येक सिक्ख तवारीख का पहला पन्ना उनके जीवन काल से आरंभ होता है। श्री गुरूनानक देव जी का आगमन इस समय एक शुभ–शकुन की भांति था, जैसे वर्षा होने पर तपिश कम हो जाती है, उसी तरह श्री, गुरू नानक देव जी के प्रकट होने से आम लोगों के दिलों में दया, क्षमा, प्रेम आदि गुण प्रकट हो गयें।

श्री गुरूनानक देव जी न केवल अध्यात्मिक गुरू थे, बल्कि एक महान क्रांतिकारी, समाज सुधारक भी थे। उस समय नारी को हेए दृष्टि से देखा जाता था। श्री गुरूनानक देव जी ने नारी को पुरूष के बराबर दर्जा देकर बुलंद आवाज में कहा:

*''सो किऊ मंदा आखीये,*

*जितु जमंहि राजान''*

स्त्रीसे ही जीव जन्म लेता है। बड़े बड़े पीर, पैगंबर, राजा आदि पैदा होते है। फिर नारी को नीच या मंदा कैसे कहा जा सकता है? इस तरह युगों से प्रताड़ित नारी को श्री गुरूनानक देव जी ने भारतीय समाज में योग्य स्थान दिलवाया।

श्री गुरूनानक देव जी ने सामाजिक जीवन मूल्यों की बात कही –

किरत करो, नाम जपो, वंड छकों इसी से मानव जीवन मूल्यवान बनता है।

करतारपुर में अपने ही हाथों से अपने ही खेतों में कृषि करते रहे। अनाज बोना कांटना, और तोलते समय वे एक, दो, तीन आदि संख्या की गिनती करते करते ''तेरा तेरा के रूप में उच्चारित करते सारा भंडार उसी 'वाहिगुरू' का मानकर लोगों में बांट देते थे।


पिता कालू जी ने श्री गुरूनानक देव जी को व्यापार करने के लिए बीस रूपये दिये श्री गुरूनानक देव जी ने वह भी पैसे साधुओं को लंगर छकाने में खर्च कर दिये। घर पहुंचने पर पिता कालू बहुत नाराज हुए। श्री गुरूनानक देव जी ने कहा आपको धन चाहिए आंखे बंद करके देखिये घर में कितना धन पड़ा है। पिता कालू ने आंखे बंद की तो देखा घर के आंगन में सोना ही सोना है। श्री गुरू नानक देव जी की बड़ी बहन बेबे नानकी ने सबसे पहले ही उनके अंदर परमात्मा तत्व को पहचान लिया था। श्री गुरू नानक देव जी का फरमान है कि यदि हाथ पैर गंदे हो जाये तो पानी से धो लो। परन्तु यदि मनुष्य की बुद्धि पापों से मलिन हो जाये तो परमात्मा के नाम रूपी जल से धोई जा सकती है।

श्री गुरू नानक देव जी ने बच्चों को जंगल में ले जाकर परमात्मा की भाव शक्ति का उपदेश दिया, जिसका उन पर ऐसा प्रभाव हुआ कि वे समाधि लगाकर सिमरण करने बैठ गये। उनकी गाय, भैसे खड़ी फसलों में जा घुसी। गेंहू के पौधों की बालियां पशुओं ने सब साफ कर दी। यह सब देख खेत का मालिक बहुत नाराज हुआ। श्री गुरू नानक देव जी की शिकायत जमींदार से की। जमींदार के कहने पर श्री गुरू नानक देव जी ने कहा हमने इस खेत का कोई नुकसान नहीं किया।

जब व्यक्तियों ने जाकर देखा खेत जैसे के तैसे हरे भरे हो गये। शिकायत करने वाला जमींदार भी आश्चर्य चकित और लज्जिस सा हो गया।

**वाहिगुरू जी का खालसा, वाहिगुरू जी फतह**

**मनजीत कौर पसरीजा**





























# नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए केंद्र ने मंजूर किए 230 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 230 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत स्वीकृत इस राशि से सभी नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए अधोसंरचना और तकनीकी व्यवस्थाओं को मजबूत किया जाएगा। इससे राज्य में अपशिष्ट प्रबंधन और ज्यादा पुख्ता तथा टिकाऊ होगी। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के इस सहयोग के लिए भारत सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा, इस राशि से शहरों में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों को नया आयाम मिलेगा। यह राज्य के प्रत्येक नगरीय निकाय को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा स्वीकृत इस राशि से प्रदेश के नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में अपशिष्ट प्रबंधन के इन्फ्रॉस्ट्रक्चर को बेहतर और स्थाई बनाया जाएगा। इससे राज्य में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक तकनीकी, भौतिक और मानव संसाधन जुटाए जाएंगे, जिससे न केवल स्वच्छता की स्थिति में सुधार होगा, बल्कि नागरिकों को भी बेहतर पर्यावरणीय सुविधाएं मिलेंगी।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए अधोसंरचना को मजबूत किया जाएगा




### स्वच्छता के लिए हो सभी नागरिकों की भागीदारी : साव

उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने विगत दिनों अपने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों के लिए राशि मंजूर करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि इस पहल से छत्तीसगढ़ को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने स्वच्छता को हर नागरिक के दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर देते हुए कहा कि संपूर्ण स्वच्छता के लिए सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

## खबर संक्षेप



### सिख समाज ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, दिया न्योता

**रायपुर।** सिख समाज के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में जाकर मुलाकात की। इसी दौरान समाज के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुनानक देवजी के प्रकाश पर्व पर खालसा स्कूल के आयोजन में आमंत्रित किया। मुलाकात करने वालों में भाजपा नेता मनमोहन चावला, लवली अरोड़ा, मोनू सलूजा, सोनू सलूजा, नरेंद्र सलूजा समेत सिख समाजजन शामिल थे।

## निधन

### रमेश चंद्र शर्मा



**रायपुर।** नेहरू नगर, गुरु दत्ता मल कॉलोनी, पुलिस लाइन निवासी वरिष्ठ पत्रकार, चित्रकार रमेश चंद्र शर्मा (80) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशान घाट, बूढ़ातालाब में किया गया। वे इंटीरियर डिजाइनर देवयानी शर्मा के पिता, जयद्रथ शर्मा के बड़े भाई, मनु शर्मा, अभिषेक शर्मा, नियति शर्मा के बड़े पिता और पत्रकार आशीष तिवारी के ससुर थे।

### प्रदीप पारख



**रायपुर।** सदर बाजर निवासी प्रदीप पारख (72) का 14 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 नवंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे रमेश पारख के बड़े भ्राता एवं प्रचूर पारख के पिता थे।

### मिलन बाघ



**रायपुर।** अमलीडीह न्यू राजेंद्र नगर निवासी मिलन बाघ (53) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 नवंबर को कूडो पाली सराईपाली में किया गया। वे वे तनूजा बाघ के पति और साक्षी, दीपाक्छी, दर्शन, रमन बाघ के पिता थे।

### 22 नवंबर को दिल्ली में होने वाली समीक्षा बैठक तक जारी रहेगा सदस्यता अभियान

# आठ सांसद और एक दर्जन विधायक नहीं भेद सके सदस्य बनाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा के सदस्यता अभियान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सभी मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दस हजार सदस्य बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो गए हैं। इसी के साथ तीन दर्जन विधायक भी लक्ष्य को पार करने में सफल हुए हैं, लेकिन अब भी जहां 8 सांसद लक्ष्य से कोसों दूर हैं, वहीं करीब दर्जनभर विधायक भी लक्ष्य तक नहीं पहुंचे हैं। वैसे तो सदस्यता अभियान की डेड लाइन शुक्रवार को समाप्त हो रही है, लेकिन 22 नवंबर को दिल्ली में समीक्षा बैठक है। ऐसे में तब तक सदस्य बनाने का समय रहेगा। दिल्ली में फैसला होगा कि सदस्यता अभियान को कब समाप्त करना है।

प्रदेश भाजपा संगठन ने सदस्यता अभियान के लिए विधायकों के लिए 10-10 हजार का लक्ष्य तय किया है, वहीं सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने कहा गया है। सभी मंत्री अब दस हजार का लक्ष्य प्राप्त करने में सफल हो गए हैं। सबसे पहले दयालदास बघेल ने दस हजार का लक्ष्य पार किया था। उनके खाते में इस समय 15 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। इसके बाद लक्ष्मी राजवाड़े ने अपना लक्ष्य प्राप्त किया। इस समय उनके खाते में 20 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ ही प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा, श्याम बिहारी जायसवाल, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, लखन लाल देवांगन और रामविचार नेताम भी सदस्य बनाने के लक्ष्य के पार हो गए हैं।



### तीन सांसद ही बने 20 हजारी

प्रदेश में भाजपा के दस लोकसभा सांसद और एक राज्यसभा सांसद हैं। इनमें से एक मात्र केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ही जहां सबसे पहले दस हजार के पार पहुंचे, वहीं इसके बाद उन्होंने 20 हजार का लक्ष्य भी पार कर लिया है। इसके बाद महासमुंद की सांसद और सदस्यता अभियान की सदस्य रूपकुमारी चौधरी ने पहले दस हजार का आंकड़ा पार किया और फिर 20 हजार का अपना लक्ष्य भी प्राप्त कर लिया। तीसरे सांसद सरगुजा के चिंतामणी महाराज हैं जिन्होंने अपना लक्ष्य प्राप्त किया है। सदस्य बनाने के मामले में सरगुजा ही पहले नंबर पर है। यहां पर एक लाख 20 हजार बन गए हैं। सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव भी सरगुजा के हैं। 8 सांसद तो 20 हजार क्या दस हजार सदस्य भी नहीं बना सके हैं।

### ये विधायक भी लक्ष्य के पार

प्रदेश में भाजपा के 54 विधायक हैं। सबसे पहले दस हजार का आंकड़ा पार करने वाले पहले विधायक कुरूद के अजय चंद्राकर रहे हैं। सबसे ज्यादा सदस्य बनाने के मामले में भिलाई वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन ने बाजी मार ली है। उनके खाते में 35 हजार से ज्यादा सदस्य हो गए हैं। इसी के साथ भावना बोहरा के खाते में 20 हजार से ज्यादा सदस्य है। अन्य विधायकों में रोहित साहू, नीलकंठ टेकाम, गजेंद यादव, इंद्र कुमार साहू, शकुंतला पोर्ते, अनुज शर्मा, धरमलाल कौशिक, लता उसेंडी, गोमती साय, रेणुका सिंह, पुन्नूलाल मोहले, प्रेमचंद पटेल, राजेश अग्रवाल, ललित चंद्राकर, आसाराम नेताम, अमर अग्रवाल, उद्देशवरी पैकरा, दीपेश साहू, संपत अग्रवाल, गुरु खुशवंत साहेब, योगेश्वर राजू सिंहा, किरण देव सिंह, प्रणव कुमार, रायमुनी भगत, धर्मजीत सिंह, भैयालाल राजवाड़े ने भी दस हजार का लक्ष्य पार कर लिया है।

# पहले दिन जिले में 6513.80 मीट्रिक टन धान की खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले के उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी का गुरुवार से आगाज हो गया। पहले दिन समितियों द्वारा किसानों से 6513.80 मिट्रिक टन धान की खरीदी की गई। इन किसानों द्वारा टोकन लिया गया था।

धान खरीदी के पहले दिन खाद्य विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने भी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के लिए की गई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभाग के अधिकारियों से कहा कि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका पूरा ख्याल रखें। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस वर्ष जिले में पंजीकृत किसानों की कुल संख्या 139275 है। पंजीकृत किसानों द्वारा कुल 142043.88 रकबा हेक्टेयर में धान की फसल लगाई गई है। इनमें धान बेचने वाले किसानों की संख्या 1975 है। बेचे गए धान का रकबा 1255.31 है। इस तरह पंजीकृत रकबे के विरुद्ध खरीदे गए धान की मात्रा 6513.80 टन है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जिले में धान खरीदी अच्छे तरीके से हो किसी भी प्रकार की गड़बड़ी ना हो, पंजीकृत किसानों से ही धान खरीदी हो।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण



**रायपुर।** जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा सहित कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया और किसानों से मिलकर जानकारी ली। श्री वर्मा ने बताया कि आज से पूरे प्रदेश में धान खरीदी की शुरुआत हुई है। किसान अपना धान, धान खरीदी केंद्रों में ले जाकर बेच रहे हैं, शुरुआत में धान की आवक कम है। 70% छोटे किसानों का खरीद रहे हैं, जबकि 30% दीर्घ किसानों का खरीदने का आदेश है। कई खरीदी केंद्रों में छोटे किसानों का धान नहीं पहुंचा है, ऐसी स्थिति में बड़े किसानों का धान खरीदी का अनुपात बढ़ाना चाहिए। मूरा सहकारी समिति का निरीक्षण किया, किसानों एवं समिति प्रबंधक से जानकारी ली, धान तौलाई की भी जानकारी ली।बड़े किसानों ने जानकारी दी कि छोटे किसान का अभी धान आया नहीं है, बड़े किसानों का 30% लिया जा रहा है। समिति में प्रतिदिन खरीदी का लक्ष्य प्राप्त नहीं हो पा रहा है, ऐसी स्थिति में बड़े किसानों का धान तैयार है तो खरीदी के लिए आदेश करना चाहिए, ताकि खरीदी तय सीमा में की जा सके। निरीक्षण के दौरान सौरभ मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष, पाल पूर्व सरपंच, पप्पू नायक, राजू अली, दीपक साहू, भगवाली सहित किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## संजय बोले- पारदर्शिता लाने सरकार ने किया है शराब के लिए एप लांच



रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने शराब के लिए आबकारी विभाग द्वारा 'मनपसंद' एप लॉन्च किए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोशल मीडिया प्लेटपार्म पर आई टिप्पणी को कोरा प्रलाप बताते हुए कहा, शराब के कारोबार को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर कोई भी टिप्पणी करने से पहले बघेल को कम-से-कम अपने गिरेबां में तो झांक लेना था। शराब घोटाला और हजारों करोड़ रुपए के दीगर घोटाले करने वाली कांग्रेस सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को ऐसी टिप्पणियां करने पर शर्म महसूस करनी चाहिए।

## क्यूसी प्लेटफार्म से खुदरा व्यापारियों के लिए अस्तित्व का संकट

**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने किराना स्टोर्स को निशाना बनाने वाले क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स द्वारा नियामक उल्लंघनों को उजागर करने के लिए श्वेत पत्र जारी किया है। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से कहा है प्रदेश के 1 लाख से अधिक किराना स्टोर्स का असमान बाजार प्रतिस्पर्धा के कारण व्यापार करना असंभव हो गया है। क्यूसी प्लेटफार्म से खुदरा व्यापारियों के लिए अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है। कैट ने नई दिल्ली में एक श्वेत पत्र जारी किया, जिसमें क्विक कॉमर्स (क्यूसी) प्लेटफॉर्म्स जैसे ब्लिंकिट, इंस्टामार्ट, ज़ेप्टो, स्विगी के उन कार्यों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है, जो भारत की खुदरा अर्थव्यवस्था की नींव को कमजोर कर रहे हैं, जहां प्रदेश सहित देश के 3 करोड़ किराना स्टोर्स का टिक पाना लगभग असंभव हो गया है।







## बिजनेस साइट

### एसआरयू में हुआ कैंपस ड्राइव 81 छात्र-छात्राएं हुए शामिल



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार के अंतर्गत संचालित नर्सिंग कॉलेज मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग कुम्हारी, श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग रायपुर, रविशंकर इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग नवा रायपुर और बिलासा इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग बिलासपुर के विद्यार्थियों के लिए एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट मुंबई द्वारा एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में कुल 81 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट मुंबई की डॉ. असिफा शेख, डिप्टी मेडिकल डायरेक्टर, अवेश अली खान और प्रिया ने उपस्थित रहकर छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस ड्राइव की शुरुआत एक लिखित परीक्षा से हुई, जिसके बाद सफल छात्रों का साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार प्रक्रिया में नर्सिंग के अधिकांश छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और उन्हें स्टाफ नर्स के पद पर अच्छे पैकेज पर चयनित किया गया।




### किसान की कृषि भूमि चारागाह में शामिल, बेच नहीं पा रहा धान कलेक्टर से शिकायत



**रायपुर।** खरोरा के ग्राम सिर्री निवासी एक किसान पिछले कई वर्षों से अपने खेत का धान उपार्जन केंद्र में बेच नहीं पा रहा है। किसान ने इसकी शिकायत दर्जनों बार कलेक्टोरेट में की है, लेकिन उसकी समस्या का निराकरण अब तक नहीं किया गया है। किसान केसरी लाल सिन्हा ने बताया कि ग्राम सिर्री में उसकी 14 एकड़ 35 डिसमिल भूमि है, जिसका खसरा नंबर 242/1 है। इस भूमि पर वह पिछले 40 वर्षों से धान की खेती करता आ रहा है, लेकिन उसकी भूमि को चारागाह में शामिल कर दिया गया है। इसके कारण वह अपनी भूमि पर उत्पादन किए गए धान को समर्थन मूल्य पर बेच नहीं पा रहा है। किसान का कहना है कि अपनी भूमि का अभिलेख सुधारने के लिए उन्होंने कलेक्टोरेट एवं तहसील कार्यालय में कई बार आवेदन किया है, लेकिन अब तक बंदोबस्त त्रुटि सुधारा नहीं गया है। किसान ने बताया कि 24 अक्टूबर को भी अपनी मांग को लेकर कलेक्टोरेट जनदर्शन में आवेदन दिया है, जिसे मार्क करके संबंधित एसडीएम को भेजा गया है, लेकिन अब तक इस मामले में कोई निराकरण नहीं किया गया है।

## नगरीय निकायों में अटल परिसर बनाने जल्द मंगाए गए प्रस्ताव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों जैसे नगर निगम, पालिका और पंचायतों में अटल परिसर बनाए जाने हैं। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्तों और सभी सीएमओ को जारी आदेश में कहा है कि अटल परिसर बनाने के लिए जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजें। यह काम तेजी से हो सके, इसलिए पूर्व में जारी निर्देशों की एक कंडिका हटाई गई है। अटल परिसर निर्माण के संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कहा है कि अधोसंरचना मद के अंतर्गत प्रावधिक स्वीकृति कंडिका क्रमांक 1 से 10 की शर्तों के अधीन प्रदाय किया गया है। अब कंडिका 10 को विलोपित कर दिया गया है। शेष कंडिका 1 से 9 तक की शर्तों के यथावत रखते हुए विधिवत प्रस्ताव संचालनालय को जल्द से जल्द भेजने कहा गया है।

**कंडिका 10 में शामिल थी ये शर्त**

संचालनालय ने जब अधोसंरचना मद के अंतर्गत प्राविधिक स्वीकृति जारी की थी तब कंडिका 10 में कहा गया था कि इस कार्य के लिए प्राविधिक स्वीकृति अनुमानित लागत है, इन कार्यों का शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के मुताबिक विधिवत पूर्ण प्रस्ताव संचालनालय को भेजे, अंतिम स्वीकृति आदेश जारी होने के बाद ही निविदा की कार्यवाही की जाए।

